CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 73 □ रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी को सौंपा विकास का ब्लूप्रिंट, बस्तर आने का दिया आमंत्रण



- बस्तर के लिए 360ए प्लान-टूरिज्म, स्टार्टअप, इंफ्रा और इनोवेशन पर फोकस
- पीएम का बस्तर दौरा बनेगा टर्निंग पॉइंट, बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात

**रायपुर/नई दिल्ली, 7 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के भविष्य की एक नई तस्वीर पेश की। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने न केवल नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया, बल्कि बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट भी सौंपा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है। शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज़ में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है। नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बस्तर को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' रणनीति पर आधारित है। इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों के व्यापक जाल के माध्यम से दूर-दराज के गांवों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने के साथ-साथ नई 228 सड़कों और 267 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग भी की गई है।

**बस्तर 2.0 की शुरुआत**

ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की योजना है। हर घर तक बिजली पहुंचाने के कार्य तेज होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदला जाएगा। युवाओं के लिए 15 स्टेडियम और 2 मल्टीपर्पज हॉल बनाए जाएंगे, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाए जा रहे हैं।

कृषि और सिंचाई के क्षेत्र में इंद्रावती नदी पर दो बड़े प्रोजेक्ट देउरगांव और मटनार में स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 31,840 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। यह परियोजनाएं बस्तर की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

आजीविका और आय बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन वर्षीय योजना तैयार की है, जिसका लक्ष्य 2029 तक 85त्न परिवारों की मासिक आय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये करना है। 'नियद नेल्ला नार 2.0' योजना के तहत अब अधिक जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचेगा। 10 जिलों में शुरू की गई यह योजना अब 7 जिलों और 3 नए जिलों (गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) तक विस्तारित हो रही है।

'अंजोर विजन 2047' और 'विकसित भारत@2047' के तहत स्टार्टअप नीति भी लागू की गई है, जिसमें 2030 तक 5,000 स्टार्टअप तैयार करने का लक्ष्य है।

पर्यटन के क्षेत्र में बस्तर की पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से काम हो रहा है। चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी नेशनल पार्क, एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक और ग्लास ब्रिज जैसी परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजन क्षेत्र को नई पहचान दे रहे हैं। वहीं, एक लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 40 हजार को रोजगार भी मिल चुका है। नक्सलवाद से मुक्त बस्तर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री के सामने जो कार्ययोजना प्रस्तुत की, उसमें 'बस्तर मुन्ने' (अग्रणी बस्तर) कार्यक्रम एक अहम पहल है। इस कार्यक्रम के तहत हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे, जहाँ अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे दिया जाएगा, जरूरी दस्तावेज वहीं बनाए जाएंगे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाएँ आसानी से पहुँचें और बस्तर तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़े।

## ब्रेकिंग न्यूज

### श्रीनगर पुलिस की बड़ी कामयाबी- लश्कर-ए-तैयबा नेटवर्क का भंडाफोड़, दो पाकिस्तानी आतंकियों समेत पांच गिरफ्तार




**नई दिल्ली, 7 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** श्रीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में दो पाकिस्तानी आतंकियों सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक सुनियोजित अभियान के तहत राजस्थान और हरियाणा सहित कई राज्यों में कुल 19 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस को मॉड्यूल से जुड़े कई आपत्तिजनक और महत्वपूर्ण सबूत भी बरामद हुए हैं। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

### ट्रंप का नया शॉकिंग बयान: ''मैं वेनेजुएला का राष्ट्रपति बन सकता हूं, वहां के लोग मुझे बेहद पसंद करते!'

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** **ट्रंप** ने यह भी मजाक में कहा कि अगर वह चुनाव लड़ेंगे तो जल्दी ही स्पेनिश भाषा सीख लेंगे। उन्होंने कहा कि भाषाएं सीखना उनके लिए मुश्किल नहीं है और समय आने पर वह वेनेजुएला जा सकते हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब वेनेजुएला की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ है। जनवरी में निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर अमेरिका लाया गया था, जिसके बाद उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की जिम्मेदारी संभाली।



ट्रंप ने यह भी दावा किया कि वेनेजुएला के साथ संघर्ष बहुत जल्दी खत्म हो गया और अब दोनों देशों के संबंध अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को वहां से बड़ी मात्रा में तेल मिला है, जिससे युद्ध की लागत भी कई बार पूरी हो चुकी है। उन्होंने अंत में कहा कि फिलहाल वे वेनेजुएला के मौजूदा नेतृत्व से खुश हैं, लेकिन भविष्य में वहां की राजनीति में हिस्सा लेने की संभावना से इनकार नहीं किया।

### बिरादरी की बातें

चूहा- राहुल कह रहें हैं कि हेमंता बिश्व की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

चुहिया- हां जी, ऐसा तो वे सभी चुनाव में बोलते आ रहें हैं।

### असम के मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

## पवन खेड़ा के घर असम पुलिस ने की छापेमारी





**नई दिल्ली, 7 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। मंगलवार को असम पुलिस की एक स्पेशल टीम पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची। यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एक एफआईआर के ठीक एक दिन बाद हुई है।

सामने आई जानकारी के अनुसार असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में उनके घर पर छापेमारी की है। इस दौरान स्थानीय दिल्ली पुलिस भी मौके पर मौजूद रही, जो कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए असम पुलिस के अधिकारियों की सहायता कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पुलिस का इरादा केवल पूछताछ का है या खेड़ा की गिरफ्तारी की संभावना भी है। पवन खेड़ा के घर के बाहर इस समय सुरक्षा बढ़ा दी गई है और राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है।

### पिकअप में सवार ग्रामीण हुए हादसे के शिकार

## 2 की मौके पर मौत, 37 घायल



**जगदलपुर, 7 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के घोटिया चौकी अंतर्गत ढाबामारी में हुए एक भीषण हादसे में पिकअप में सवार ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो गए. हादसे में दो ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 37 ग्रामीण घायल बताए जा रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार सिरिसगुड़ा के ग्रामीण ओरछा के रेंगाबेड़ा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे. हादसे में घायल ग्रामीणों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. मृतकों की पहचान सिबो और मिटको के रूप में हुई है. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. प्राथमिक तौर पर ओवरलोडिंग और वाहन असंतुलन को हादसे की वजह माना जा रहा है. सोमवार को भी एक ओवर लोडेड ट्रैक्टर में सवार करीबन 50 ग्रामीण मेले में शामिल होने जा रहे था. ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 ग्रामीण घायल हो गए, जिनमें से 3 की हालत नाजुक बनी हुई है. दोनों ही हादसे ओवरलोड की वजह से हुए हैं।

### बीएसपी में 5 लोग झुलसे भीषण आग लगी



**दुर्ग, 7 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** भिलाई से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां भिलाई स्टील प्लांट में भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक बीएसपी के पीबीएस-2 यूनिट के टरबाइन में अचानक ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। इस हादसे में 2 बीएसपी कर्मी और 3 ठेका मजदूर झुलस गए हैं। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कई कर्मचारी व मजदूर जान बचाने के लिए पीछे के रास्ते से भागते नजर आए। फिलहाल 6 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई हैं।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस: स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**रायपुर, 7 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। यह दिवस न केवल स्वास्थ्य से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का अवसर है, बल्कि अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान - ये तीनों स्वस्थ जीवन के मूल आधार हैं। यदि हम अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे सुधार करें, तो बड़े स्तर पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे स्वयं स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाएँ, ताकि एक स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### धर्म स्वातंर्त्य विधेयक पर राज्यपाल जल्द करेंगे हस्ताक्षर, डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिए संकेत



**रायपुर, 7 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** धर्म स्वातंर्त्य विधेयक पर राज्यपाल रमेन डेका जल्द ही हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसका संकेत डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिया है। उन्होंने कहा, राज्यपाल स्वयं ही चिंतनशील है। मैं समझता हूं हम और आप अभी बात कर रहे, हो सकता है इस पर हस्ताक्षर हो गया हो। नक्सल मुक्त होने के बाद मुख्यमंत्री की दिल्ली में बैठक होगी। इस मामले में गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री का दिल्ली प्रवास है और उसमें छत्तीसगढ़ को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। नक्सलवाद समाप्त हुआ है उसके बाद यह बैठक हो रही है। धर्म स्वतंत्र नियम को लेकर भी चर्चा होगी।

बस्तर में विकास हो रहा है, स्कूल खुलते जा रहे हैं, इस पर विजय शर्मा ने कहा, बस्तर में बहुत सारा काम होना शेष है। समाज भी चिंतनशील है। बस्तर का तेजी से विकास होगा। पश्चिम बंगाल को लेकर डीसीएम विजय शर्मा ने कहा, पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनकर आ रही है। जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है। इस बार पश्चिम बंगाल में TMC को जनता उखाड़ कर फेकने वाली है।

## 12 घंटे तक ट्रेन में न बैठें, रेलवे ट्रैक से दूर रहें, इजरायल की ईरानियों के लिए कड़ी चेतावनी



**नई दिल्ली, 7 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** इजरायल रक्षा बलों ने पूरे ईरान के लोगों से ट्रेनों और रेलवे लाइनों से बचने का आग्रह किया है और चेतावनी दी है कि उनकी जान को खतरा हो सकता है। एक्स पर स्थित अपने फारसी भाषा के खाते के माध्यम से जारी की गई इस चेतावनी में नागरिकों से एक निश्चित अवधि के लिए रेल परिवहन का उपयोग न करने का अनुरोध किया गया है। सेना ने कहा कि आपकी सुरक्षा के लिए, हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस समय से लेकर ईरानी समयानुसार रात 9 बजे (भारतीय समयानुसार रात 11 बजे) तक, आप पूरे ईरान में ट्रेन का उपयोग और यात्रा न करें। ट्रेनों में और रेलवे लाइनों के पास आपकी उपस्थिति आपके जीवन के लिए खतरा है।

इजरायली सेना द्वारा साझा किए गए एक ग्राफिक में फारसी भाषा में भी यही संदेश था, जिसमें इसे ईरान भर में ट्रेन उपयोगकर्ताओं और यात्रियों के लिए अत्यावश्यक चेतावनी बताया गया था। इस ग्राफिक में ट्रेनों और रेलवे ट्रैक से बचने पर जोर दिया गया था, जो लिखित सलाह के अनुरूप था।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब 28 फरवरी को हुए शुरुआती हमलों के बाद से इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के बीच संघर्ष जारी है। स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, दोनों पक्ष एक-दूसरे को धमकियां दे रहे हैं और सैन्य कार्रवाई कर रहे हैं। इस चेतावनी में किसी विशेष क्षेत्र या रेलवे मार्ग का उल्लेख नहीं है, जिससे खतरे की सटीक प्रकृति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### कोमा में हैं मोजतबा खामेनेई, ईरान के इस शहर में चल रहा सर्वोच्च नेता का इलाज; रिपोर्ट में बड़ा दावा



अमेरिका-इस्राइल के हमले में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इन हमलों में ईरान के नए सर्वोच्च नेता चुने गए मोजतबा खामेनेई के भी घायल होने की आशंका जताई गई थी। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि वे गंभीर रूप से घायल हैं। हालांकि, ईरान की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। वहीं, एक हालिया रिपोर्ट में मोजतबा खामेनेई के ठिकाने का खुलासा करते हुए उनके गंभीर रूप से घायल होने का दावा किया गया है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं। एक खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि मोजतबा खामेनेई वर्तमान में कोम शहर में इलाज करवा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई अचेत अवस्था में हैं और उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। माना जा रहा है कि इसी वजह से मोजतबा किसी भी निर्णय प्रक्रिया में हिस्सा लेने में असमर्थ हैं। 'द टाइम्स यूके' की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कूटनीतिक मेमो अमेरिकी और इस्राइली खुफिया एजेंसियों द्वारा खाड़ी सहयोगियों के साथ साझा की गई जानकारी पर आधारित है। इस रिपोर्ट में पहली बार सर्वोच्च नेता के ठिकाने का खुलासा हुआ है।

### आश्रम में हुआ प्यार, दूसरे ही दिन इज़हार: बाबा और इंजीनियर प्रीतिका की अनोखी लव स्टोरी



**नई दिल्ली, 7 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** प्रयागराज महाकुंभ में संन्यासी के रूप में सोशल मीडिया पर छाए आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र अभय सिंह अब अपनी गृहस्थी में प्रवेश कर चुके है। दरअसल, आईआईटी बाबा ने शादी रचा ली है। उन्होंने हाल ही में प्रीतिका के साथ 7 फेरे लेकर अपने गृहस्थीजीवन की शुरूआत की। जिसके बाद यह दंपत्ति हरियाणा के झज्जर स्थित अपने पैतृक गांव सासरौली पहुंचे, जहां परिवार ने उनका स्वागत किया।

अभय सिंह और प्रीतिका की मुलाकात करीब एक साल पहले 2025 में महाशिवरात्रि के दिन तमिलनाडु के कोयम्बटूर में एक आश्रम में हुई। प्रीतिका मोक्ष की तलाश में साधना करने आई थीं। अभय सिंह भी लंबे समय से आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहे थे। जिससे दोनों की सोच एक जैसी मिलने पर शादी करने का फैसला लिया। जिसके बाद दोनों ने इसी साल 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के ही दिन हिमाचल प्रदेश के ऋषिकेश के पास अघंजर महादेव मंदिर में पारंपरिक तरीके से शादी की। इसके बाद 19 फरवरी को उन्होंने कानूनी तौर पर कोर्ट मैरिज भी की। फिलहाल यह जोड़ा हिमाचल की वादियों में धर्मशाला में बस गया है। वहीं अब अभय सिंह पत्नी प्रीतिका को पार्वती कहते हैं। शादी के बाद माता-पिता का आशिर्वाद लेने जब यह नवविवाहित जोड़ा झज्जर पहुंचा, तो वहां खुशी का माहौल था। प्रीतिका ने एक भारतीय बहू की तरह परंपराओं का पालन करते हुए अपनी सास शीला देवी की आरती उतारी और सिर पर कलश रखकर घर में प्रवेश किया।

CMYK